सुविधा

गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण व हाईरिक्स गर्भावस्था की पहचान को बनाया सुगम

# नया अनमोल मोबाइल एप्लीकेशन और आरसीएच वेब पोर्टल 2 .0 लॉच



**मंडला 09 अप्रैल नभाप्र.** गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण व हाईरिक्स गर्भावस्था की पहचान के साथ योजनाओ के भुगतान को सुगम बनाने विगत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला और राज्य मंत्री श्री पटेल की उपस्थिति में मातृ शिशु संजीवन मिशन रणनीति दस्तावेज और अनमोल 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव श्री यादव, स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी, मिशन संचालक एनएचएम श्रीमती डॉ. सलोनी सीडाना, महिला बाल विकास आयुक्त श्रीमती सूफिया फारूकी उपस्थित रही। इसके साथ एम्स डॉक्टर, मप्र के जिलों के सीएमएचओ, मेडिकल ऑफिसर्स और अन्य कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मंडला जिले से नैनपुर बीएमओ डॉ. राजीव चावल और डीसीएम हिमांशु सिंगौर मौजूद रहे।

जानकारी अनुसार लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में अनमोल मोबाइल एप्लीकेशन और आरसीएच वेब पोर्टल का संचालन किया जा रहा है। इसे और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए नवीन अनमोल मोबाइल एप्लीकेशन एवं आरसीएच वेब पोर्टल 2.0 का बनाया गया है। यह नया पोर्टल गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं और नवजात शिशुओं को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के डेटा को आसानी से दर्ज करने में मदद करेगा। इसके साथ ही यह उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं, प्रसवोपरांत महिलाओं और 3 महीने तक के शिशुओं के स्वास्थ्य की ट्रैकिंग, प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवा वितरण को भी सुगम बनाएगा। इसके अलावा यह हितग्राही मूलक योजनाओं के भुगतान की प्रक्रिया को भी आसान करेगा।

सीएमएचओ मंडला डॉ. केसी सरोते ने बताया कि नए पोर्टल में बहुत सी मुख्य विशेषताएं है। जिसमें ऑनलाइन पंजीकरण में नवीन लक्ष्य दंपति, गर्भावस्था का पंजीकरण आधार सत्यापित समग्र आईडी के माध्यम से ऑनलाइन होगा। इसका मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों की यूनिक आईडी रखना और रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार की विसंगति को रोकना है। आधार सत्यापित समग्र आईडी और आधार लिंक डीबीटी इनेबल्ड बैंक खाते में भुगतान, हितग्राहियों के डेटा में आधार सत्यापित समग्र आईडी अनिवार्य किया गया है। जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना के अंतर्गत भुगतान आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना में पात्रतानुसार राशि का भुगतान आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा।

### अनमोल मोबाइल एप्लीकेशन और वेब पोर्टल की विशेषताएं

बताया गया कि अनमोल मोबाइल एप पर एएनएम के साथ ही कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को भी लॉगिन सुविधा प्रदान की जा रही है। हितग्राही की यूनिक एमपी आईडी आधार सत्यापित समग्र के माध्यम से बनाई जाएगी। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं और शिशुओं की लाइन लिस्ट रिपोर्ट बनाई गई है। पोर्टल में समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सपोर्टिव हेल्प डेस्क और इनबिल्ट ई-टिकट प्रणाली की व्यवस्था की गई है।

### विभिन्न विभागों की रहेगी जिम्मेदारी

नए बदलाव में श्रमिक विभाग को श्रमिक हितग्राही के रूप में श्रमिकों का पंजीकरण और सत्यापन करना होगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए अनमोल पोर्टल में जानकारी अपडेट करनी होगी और योजनाओं के अंतर्गत भुगतान करना होगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग और बैंकों को हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करना होगा, जैसे कि समग्र आईडी को आधार सत्यापित करना और बैंक खाते को डीबीटी सक्षम बनाना। यह नया अनमोल मोबाइल एप और आरसीएच पोर्टल 2 .0 पुराने अनमोल मोबाइल एप्लीकेशन, आरसीएच अनमोल पोर्टल, जननी सुरक्षा योजना और मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना से संबंधित सभी दिशा निर्देशों को अधिक्रमित करेगा।

## श्रीराम कथा से प्रेरणा और श्री मारूति यज्ञ से मिली रही आध्यात्मिक ऊर्जा

सूर्यकुंड में राम जन्म प्रसंग और श्री मारुति महायज्ञ का आयोजन

सूर्यकुंड में गूंज रही राम कथा, 12 अप्रैल को होगा समापन



**मंडला 09 अप्रैल नभाप्र.** सूर्यकुंड धाम में श्री मारूति महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन चल रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में दूर-दूर से भक्त पहुंच रहे है। कार्यक्रम का आयोजन महायोगी पायलट बाबा योग समिति अंजनिया एवं श्री सूर्यकुण्ड धाम महाआरती भंडारा समिति मंडला द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। श्री मारूति महायज्ञ प्रतिदिन किया जा रहा है। इसके साथ ही श्रीराम कथा का वाचन भी रोजाना शाम 4 बजे से हो रहा है। बताया गया कि इस आयोजन के चौथे दिन सूर्यकुंड में श्रीराम जन्म का प्रसंग बताया गया। यह दिव्य कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से लेकर 7.30 बजे तक चल रही है। इसका समापन 12 अप्रैल को किया जाएगा। श्रद्धालु इस दौरान भगवान राम के विभिन्न प्रसंगों की मनमोहक कथा का श्रवण कथा व्यास सुश्री उमाकिशोरी द्वारा किया जा रहा है।

बताया गया कि इस धार्मिक आयोजन में सूर्यकुंड धाम में श्री मारुति महायज्ञ भी चल रहा है। 9 अप्रैल को इस महायज्ञ का चतुर्थ दिवस रहा। यज्ञ की शुरुआत सुबह 8 बजे हुई, जो दोपहर 12 बजे तक चली। इसके बाद दो घंटे का विश्राम हुआ, जिसमें सभी अहुतिकर्ताओं के लिए फलाहार की विशेष व्यवस्था की गई है। यज्ञ का अगला सत्र दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ, जिसमें अग्नि यज्ञ किया गया। यह सत्र शाम 4 बजे तक चला। सूर्यकुंड में चल रहे इन दोनों ही धार्मिक आयोजनों को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। राम कथा जहाँ भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों से प्रेरित कर रहा है, वहीं श्री मारुति महायज्ञ भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति प्रदान कर रहा है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इन धार्मिक आयोजनों का लाभ उठाएं। राम कथा और श्री मारूति महायज्ञ का समापन 12 अप्रैल को किया जाएगा।







एक नजर में

### लाज में मृत अवस्था में मिला अधेड़

**मंडला।** स्थानीय पुराने शासकीय अस्पताल के पास स्थित लाज में एक अधेड़ मृत अवस्था में मिलने की



खबर से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मनोज पड़वार के रूपमे की गई है। जो पेशे से एक वाहन चालक बताया गया है। जानकारी अनुसार मृतक एक दिन पहले ही लाज में आकर रुका था। मृतक नैनपुर में पहले भी रह चुका है। बताया गया कि कल किसी कार्यक्रम में शामिल होने वह नैनपुर आया था। अगले दिन जब 2 बजे तक वह नहीं उठा तो दरवाजा खुलवाने की नाकाम कोशिश के बाद दरवाजा तोड़ा गया। स्थानीय पुलिस की जांच में वह अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद आगे की जांच शुरू कर दी है।

### अचानक बदला मौसम, चली तेज हवाएं

**मंडला।** भीषण गर्मी के बीच आंधी तुफान ने किसानों को समस्या में डाल दिया है। वर्तमान में गेहूं की कटाई की जा रही है। बुधवार को बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। मोहगांव मुख्यालय में आंधी तूफान के साथ हल्की बारिश हुई। जिससे लोगों ने बेहतशा गर्मी से राहत महसूस की। तेज हवा-तूफान में पेड़ गिरने से भी लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। मोहगांव में एक मकान के ऊपर पेड़ गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

## प्रवेश उत्सव में अभिभावकों के लिए विशेष सत्र

कक्षा पहली के विद्यार्थियों का धूमधाम से मनाया प्रवेश उत्सव




**मंडला 09 अप्रैल नभाप्र.** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मंडला में कक्षा पहली के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रूपसिंह उलाडी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षक उमेश कुमार चौरसिया ने अभिभावकों का आत्मीय स्वागत किया और नए विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार में शामिल होने की बधाई दी। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय में संचालित होने वाली विभिन्न शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी भी दी।

इस अवसर पर प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर नए साथियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की ओर से प्राचार्य रूप सिंह उलाडी ने सभी नवप्रवेशित बच्चों को स्टेशनरी और कलर के आकर्षक पैकेट वितरित किए। बच्चों ने भी नए माहौल का आनंद लेते हुए सेल्फी प्वाइंट पर खूब तस्वीरें खिंचवाई। अभिभावकों के लिए एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें संसाधन कक्ष में धर्मेंद्र कुमार पटेल ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली पाठ्य पुस्तकें, कापियां, परीक्षा चक्र, गणवेश और शुल्क जमा करने के सही तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## जच्चा-बच्चा की सुरक्षा के लिए प्रसव पूर्व जांच जरूरी

जिले के हर सीएचसी में मनाया जा रहा मातृत्व दिवस



**मंडला 09 अप्रैल नभाप्र.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रति माह की 09 और 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अंतर्गत गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच कराई जा रही है। जिससे जच्चा, बच्चा स्वस्थ रहे। मातृत्व दिवस शिविर में गर्भवती महिलाओं का एचआईवी, हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, यूरीन प्रोटीन, यूरिन क्लॉक एवं एल्बुमिन की जांच की गई।

जानकारी अनुसार आयोजित मातृत्व दिवस शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव के पहले ही जांच के दौरान उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान हो जाती है। यदि ऐसी कोई गर्भवती महिला चिन्हित होती है तो ऐसी गर्भवती का प्रसवकाल में विशेष ध्यान रखा जाता है। सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत हर महीने की नौ तारीख को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

अवकाश तय तिथि में अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस में शिविर का आयोजन किया जाता है। बताया गया कि गर्भवती महिलाओं की जांच के बाद अगर किसी भी महिलाओं में गर्भाशय में किसी प्रकार की शिकायत रहने पर उसे पहले अच्छे स्वास्थ्य सेवा के लिए बेहतर अस्पताल भेजा जाता है, जिससे प्रसव के समय महिलाओं को कोई परेशानी ना हो।





## वर्षा के पानी को संग्रहित करने के तरीकों पर चर्चा

नल, कुओं के आसपास सोखता गड्ढा, नदी, बावड़ी की साफ सफाई पर दिया जोर




**मंडला 09 अप्रैल नभाप्र.** विकासखंड नारायणगंज के सेक्टर चिरईडोंगरी स्थित ग्राम पोतला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक एवं जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मप्र जन अभियान परिषद मंडला के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन में और विकासखंड समन्वयक अनिल कुमार मेहरा व नवांकुर संस्था के सहयोग से किया गया।

बताया गया कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था मझगांव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं को जल के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान में उनकी सक्रिय सहभागिता और वर्षा के पानी को संग्रहित करने के तरीकों पर चर्चा की गई। वर्तमान में पानी की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, नल और कुओं के आसपास सोखता गड्ढा बनाने, नदी और बावड़ी की साफ-सफाई एवं गहरीकरण कर उनका संरक्षण करने के उपायों पर जोर दिया गया। यह भी बताया गया कि उचित जल प्रबंधन के माध्यम से वर्ष भर पानी का उपयोग किया जा सकता है।

कार्यक्रम में दैनिक दिनचर्या में उपयोग होने वाले जल को संग्रहित करने और पानी का संरक्षण करने के विभिन्न तरीकों पर भी जानकारी दी गई। अंत में, उपस्थित सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों और ग्रामवासियों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव, इंद्रा उइके, पुष्पा उइके, वीर सिंह धुर्वे, देवलता सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सक्रिय सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित

**मंडला।** नारायणगंज मंडल में भाजपा के सक्रिय सदस्यों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडला के सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में भाजपा के सम्मानित जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते और पूर्व जिलाध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर ने भी अपने विचारों से कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इन वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के सक्रिय सदस्यों के समर्पण और निष्ठा की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस सम्मान समारोह में विधानसभा क्षेत्र में निवासरत भाजपा के जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष और पार्टी के कई वरिष्ठ एवं श्रेष्ठ सक्रिय सदस्य शामिल हुए।

### बबलिया खैरमाई मंदिर के जवारों का हुआ विसर्जन





**बबलिया 09 अप्रैल नभाप्र.** स्थानीय खैरमाई मंदिर बबलिया में चैत्र नवरात्रि के दौरान स्थापित किए गए जवारों का विसर्जन बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम के बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित हुए और माता के प्रति अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। बताया गया कि जवारे विसर्जन की शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई, जिसमें श्रद्धालु मां खेरमाई के भक्तिभाव से ओतप्रोत गीत गाते हुए और डीजे की धुन पर पारंपरिक नृत्य करते हुए आगे बढ़े। वातावरण पूरी तरह से भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण था। महिलाएं सिर पर जवारों की टोकरी रखकर चल रही थीं, वहीं पुरुष भी उत्साहपूर्वक नाचते-गाते इस धार्मिक परंपरा का हिस्सा बने। ग्राम के लोगों ने स्थानीय तालाब में सार्वजनिक खेरमाई के जवारों का विसर्जन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम में ग्राम के सभी आयु वर्ग के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने माता के जयकारे लगाए और श्रद्धापूर्वक जवारों को विदाई दी।

## झील महोत्सव-जल, थल और नभ में रोमांच

फूड जोन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति कर रही सम्मोहित

**मंडला 09 अप्रैल नभाप्र.** बरगी की अथाह जल राशि के निकट साहसिक खेल, स्वादिष्ट पकवानों और संगीत की स्वर लहरी लोगों को आनंदित कर रही है। विगत दिवस आरंभ हुए झील महोत्सव के तीसरे दिन हाट एयर बैलून पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ उड़ान भरते पैरमोटर ने आसमान में लाल पीले रंग बिखेर दिए। इसके साथ वाटर स्पोर्ट्स के अंतर्गत बनाना राइड, वाटर स्कूटर और फ्लाई बोट जैसी राइडों का आंनद पर्यटक उठा रहे हैं। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन और संस्कृति परिषद के 15 दिवसीय आयोजन में बच्चों ने जहां बर्मा ब्रिज और राक क्लबिंग का मजा लिया।

जेएटीसीसी के सीईओ हेमंत सिंह ने कहा कि झील महोत्सव में वह सभी राइड्स हैं जिनका आनंद लेने लोग गोवा और उत्तराखंड पहुंचते हैं। एमपीटीबी के पर्यटन प्रबंधक तरुण मिश्र ने बताया कि जबलपुर के साथ पूरे प्रदेश के लिए साहसिक गतिविधि प्रेमियों के लिए झील महोत्सव नए अनुभव कराएगा।

### नर्मदा तट पर राजस्थानी लोकनृत्य ने बांधा समां

नर्मदा तट पर चल रहे झील महोत्सव में साहसिक गतिविधियों के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को महोत्सव में राजस्थानी लोक संस्कृति की छटा बिखरी। राजस्थान के शिवनारायण समूह ने चकरी, घूमर, चरी और कालबेलिया जैसे प्रसिद्ध लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नर्मदा परिक्रमा

20 किलोमीटर प्रतिदिन करते है नर्मदा पथ में परिक्रमा

## कबीरदास ने मां नर्मदा की आजीवन परिक्रमा का लिया संकल्प



**मंडला 09 अप्रैल नभाप्र.** वेद पुराणों के अनुसार पुण्य सलिला मां नर्मदा ही एक मात्र ऐसी नदी है, जिसकी परिक्रमा की जाती है। माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से गंगा में स्नान के समान पुण्य मिलता है। नर्मदा भक्त तरह तरह से परिक्रमा करते हुए मां नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। माहिष्मती नगरी मंडला का सौभाग्य है, जहां एक से बढ़कर एक साधु, संतु और महात्माओं के चरण नर्मदा नगरी में पड़ते है। इन सभी के दर्शन इनके नर्मदा परिक्रमा के दौरान होते है। बताया गया कि जिले में नर्मदा परिक्रमा के दो पथ है, एक उत्तर पथ और दूसरा दक्षिण पथ। दोनों पथों पर ही नर्मदा परिक्रमावासी अपने अनुसार नर्मदा परिक्रमा का मार्ग चुनते है। उत्तर पथ पर निवास विकासखंड आता है, जहां से नर्मदा परिक्रमावासियों का आगमन होता है। ऐसो ही दो नर्मदा भक्त माँ नर्मदा की परिक्रमा में निकले है। इन्होंने आजीवन माँ नर्मदा की परिक्रमा करने का संकल्प लिया है। अब ये अपना पूरा जीवन माँ नर्मदा की भक्ति में बीताना चाहते। जानकारी अनुसार दो नर्मदा परिक्रमावासी मंडला जिले में विगत दिनों पहुंचे थे। इनमें छिंदवाडा निवासी कबीर दास और सिवनी निवासी चंद्रकली है, जो रोजाना करीब 20 किमी की परिक्रमा प्रतिदिन कर रहे है, और ये माँ नर्मदा की परिक्रमा ना ही किसी वाहन से कर रहे है, ना ही साईकिल से कर रहे है। ये दोनों पैदल परिक्रमा कर रहे है, लेकिन एक खास बात यह है कि ये पैदल परिक्रमा में अपने साथ एक साईकिल भी साथ में रखे है, जिसमें ना सीट है ना ही चैन है, ना ही साईकिल को खड़े करने के लिए स्टेंड लगा हुआ है। पैदल ही साईकिल को अपने साथ लेकर चलते है। फिलहाल करीबदास का ठहराव विगत 15 दिनों से सूर्यकुण्ड धाम में है। जहां श्री मारुति महायज्ञ और श्रीराम कथा का आयोजन चल रहा है। इस आयोजन में सहभागिता करने के लिए परिक्रमावासी करीब दास यहां रूके हुए है। धार्मिक कार्यक्रम के समापन के बाद इनकी आगे की नर्मदा परिक्रमा के लिए निकलेंगे।

### अद्भूत है माँ नर्मदा का बाल रूप

परिक्रमावासी करीबदास की अनोखी साईकिल में सभी भगवान के साथ मुख्य रूप से एक मार्बल के पत्थर में माँ नर्मदा की सुंदर आकृति भी स्थापित है। कबीर दास ने बताया कि वर्ष 2020 में नर्मदा से मिला मार्बल का पत्थर जिसमें बाल रूप में मां नर्मदा स्पष्ट दिख रही हैं। इसके साथ ही इसमें नाग देवता का स्वरूप भी दिख रहा है। उनका कहना है कि यह चमत्कारी पत्थर में मूर्ति जब से मुझे मिली है तब से में मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहा हूं। यह करीबदास की तीसरी नर्मदा परिक्रमा है। इसी परिक्रमा के दौरान उन्हें सिवनी निवासी बहन चंद्रकली मिली।



### 4 नवंबर 2024 को शुरू की थी तीसरी परिक्रमा

माँ नर्मदा की परिक्रमा में निकले छिंदवाड़ा निवासी कबीर दास 60 वर्षीय और इनकी बहन सिवनी निवासी चंद्रकली विगत वर्ष 4 नवंबर 2024 को ओंकारेश्वर से 3500 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा पर निकले हे। भाई-बहन की यात्रा का उद्देश्य धर्म के प्रति आस्था है। इसके पहले भी इन्होंने दो बार मां नर्मदा की परिक्रमा कर चुके है। अब कबीरदास अपना पूरा जीवन माँ की भक्ति में बीताना चाहते है। जिसके लिए उन्होंने जीवन भर माँ नर्मदा की परिक्रमा करने का संकल्प लिया है।

### 24 घंटे होता है भोले का अभिषेक

परिक्रमावासी करीबदास ने बताया कि वे माँ नर्मदा की पैदल परिक्रमा कर रहे है, लेकिन वे अपने साथ एक साईकिल भी रखे है। जिसमें रोजाना उपयोग होने वाली दिनचर्या का कुछ सामान भी रखते है, लेकिन इसके अलावा कबीरदास की इस अनोखी साईकिल में भगवान शिव शंकर समेत राधाकृष्ण, श्रीराम और अन्य भगवान उनकी साईकिल में विराजमान है। करीबदास ने अपनी साईकिल को एक मंदिर के रूप में सुसज्जित कर बनाया है। इसमें विराजे भोलेनाथ के शिवलिंग में 24 घंटे गाय के मुख से पवित्र जल का अभिषेक होता है। बता दे कि माँ नर्मदा की परिक्रमा में निकले भक्त की भक्ति को देखने वाले भी इनके आगे नस्मष्तक हो जाते है।

